04 APRIL - janj BHOOMI-PG-01_Layout 1 4/4/2024 9:57 PM Page 1

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 22. 0 डिग्री

4 शत-प्रतिशत मतदान करने राशन लेने आने वाले उपभोक्ताओं को कर रहे प्रेरित




## खबर संक्षेप

### मतदान के दिन श्रमिकों को 2-2 घंटे का अवकाश

**जांजगीर-चांपा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु नियत मतदान में कारखाना अधिनियम, 1948 तथा छत्तीसगढ दुकान एवं स्थापना अधिनियम-1958 के अन्तर्गत आने वाले कारखानों, संस्थाओं के स्थापनाओं में कार्यरत श्रमिक, कर्मचारियों को मतदान के दिन अर्थात 7 मई को राज्य शासन एतद् द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में अवकाश घोषित किया गया है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले में संचालित ऐसे कारखानें जहाँ सप्ताह में सात दिन कार्य संचालित होते है, वहाँ प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश रहेगा।

### कक्षा 12 वीं ओपन की इतिहास एवं वाणिज्य विषय की हुई परीक्षा

**जांजगीर-चांपा।** जिले में संचालित हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल ओपन परीक्षा 2023-24 के लिए गुरूवार 4 अप्रैल को कक्षा 12 वीं की इतिहास एवं वाणिज्य विषय की परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हुई। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कक्षा 12 वीं की इतिहास एवं वाणिज्य विषय की परीक्षा में कुल पंजीकृत 864 में से 796 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा में 68 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। जिले में संचालित हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल ओपन परीक्षा 2023-24 हेतु कक्षा 10 वीं की संस्कृत विषय की परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हुई। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि संस्कृत विषय की परीक्षा में कुल पंजीकृत 424 में से 381 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा में 43 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।

### निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में ली गई बैठक

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन पर जिला पंचायत सीईओ गोकुल कुमार रावटे ने सहायक व्यय प्रेक्षक, लेखांकन दल, वीडियो अवलोकन दल के अधिकारी-कर्मचारी की जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक ली। बैठक में निर्वाचन के दौरान गठित टीमें अपने दायित्वों का निर्वहन सजगता एवं गंभीरतापूर्वक करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण को लेकर सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को बताया कि निर्वाचन का कार्य महत्वपूर्ण है इसलिए व्यय से संबंधित पंजियों का अच्छे से संधारण किया जाए।

### जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 17 तक जमा होंगे आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत अधिसूचना 12 अप्रैल एवं प्रारूप 12 घ में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल है। प्रारूप 12 घ में आवेदन के दौरान संबंधित कर्मचारी का मोबाईल नंबर, वोटर आईडी नंबर एवं निर्वाचक नामावली की भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही दर्ज करना अनिवार्य है। निर्वाचक नामावली में कर्मचारी का अद्यतन भाग संख्या एवं सरल क्रमांक पता करने हेतु वोटर हेल्पलाइन एप का उपयोग किया जा सकता है।

### 15 तक आरटीई के तहत ऑनलाइन कर सकते है आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** निःशुल्क शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम 2009 के तहत ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया 1 मार्च से 15 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आधार कार्ड के आधार पर ऑनलाईन पोर्टल में आवेदन कर सकते है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आरटीई पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन में आवेदनकर्ता का आधार कार्ड के आधार पर निवास स्थल, वार्ड नं., मुहल्ला अंतर्गत संचालित होने वाले नर्सरी से कक्षा-पांचवी तक 1 कि.मी. तथा कक्षा छठवीं से आठवीं कक्षाओं तक 3 कि.मी. के भीतर आरटीई पोर्टल में पंजीकृत विद्यालय ही प्रदर्शित होगा।

### दो दिन पहले प्रशिक्षण से गायब 42 को दिए थे नोटिस, फिर भी असर नहीं

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही की हद तीन दिनों में 73 रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लोकसभा चुनाव को लेकर जहां जिले के निर्वाचन अधिकारी और आयोग का अमला पूरी गंभीरता से कार्य करने की दुहाई देते नहीं थक रहा है, तो वहीं लापरवाह अधिकारी कर्मचारियों का रवैया इसके बाद भी नहीं बदल रहा है। यही वजह है कि प्रशिक्षण कार्य में अनुपस्थितों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। मजेदार बात तो यह है कि दो दिनों के निरीक्षण के दौरान 42 अनुपस्थितों को नोटिस जारी किया गया, तो वहीं तीसरे दिन अनुपस्थितों की संख्या 31 जा पहुंची।

गौरतलब है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान दल का प्रथम प्रशिक्षण 1 से 4 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान ड्यूटी करने वाले सभी अधिकारी कर्मचारियों को सूचना देकर प्रशिक्षण में उपस्थित होने के आदेश दिए गए है। चरणबद्ध तरीके से चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीठासीन अधिकारी और मतदान दल को निर्वाचन कार्य संपन्न कराने संबंधी सभी आवश्यक जानकारियां दी जा रही है, लेकिन इस कार्य को लेकर जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी कितने गंभीर है, इसका अंदाजा प्रशिक्षण में अनुपस्थितों की रोज बढ़ती संख्या से लगाया जा सकता है। 1 अप्रैल से 3 अप्रैल तक के प्रशिक्षण में ही 73 कर्मचारी कर्मचारी अनुपस्थित मिले है। बुधवार 3 अप्रैल को आयोजित मतदान दल के प्रशिक्षण में 31 अनुपस्थित कर्मचारी पाए गए। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक 01 जांजगीर में 14, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अकलतरा में 7 एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सारागांव में 10 कर्मचारी पाए गए। कुल 31 संबंधित अधिकारी, कर्मचारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए है।

उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व 2 अप्रैल को आयोजित प्रशिक्षण में 19 अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थित मिले थे, जबकि पहले ही दिन 1 अप्रैल को 23 अधिकारी कर्मचारी प्रशिक्षण मे नहीं पहुंचे, जिन्हें नोटिस जारी हुआ था। बावजूद इसके अनुपस्थितों की संख्या बढ़ते क्रम में है।

#### पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान दल का प्रथम प्रशिक्षण संपन्न



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान दल का प्रथम प्रशिक्षण 1 से 4 अप्रैल तक आयोजित किया गया। इसी तारतम्य में यह प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलौदा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर क्रमांक 01, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पामगढ़, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अकलतरा एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सारागांव में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सभी प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम और वीवीपैट, बैलेट यूनिट मशीन की गतिविधियों को संचालित कराया गया। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दलों को प्रोजेक्टर के माध्यम से व्यवस्थित तरीके से प्रशिक्षण दिया गया। मतदान सामग्री, ईवीएम, मतदाता सूची, मतदान केन्द्र से संबंधित आवश्यक तैयारी, मॉक पोल, सीआरसी करना, मशीन सील करना एवं क्लोज करना तथा पत्रक पर हस्ताक्षर करने सहित बारीकी से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्टर सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने मतदान दल प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी प्रशिक्षण केन्द्रो में शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ भी दिलाई जा रही है।

#### दिया गया है नोटिस

लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस बीच तीन दिनों के भीतर 73 अधिकारी कर्मचारी प्रशिक्षण कार्य में अनुपस्थित पाए गए। जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है।

-निशा नेताम मंडावी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

# मेडिकल दुकानों के निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितता

## 16 प्रतिष्ठान के संचालकों का थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



निधी मेडिकल स्टोर्स में कार्रवाई करते अफसर।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा मेडिकल दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 16 मेडिकल दुकान संचालकों को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं निधि मेडिकल सटोर्स बलौदा का लायसेंस निरस्त किया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उपसंचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा नशीली दवाओं के अवैध रूप से कय विक्रय करने की मौखिक शिकायत के आधार पर फर्म निधि मेडिकल स्टोर्स, बलौदा का औषधि निरीक्षको द्वारा जांच करने पर पाया गया कि इनके द्वारा मेडिकल स्टोर्स की आड़ में लगभग 16400 नाइट्रोसन टेबलेट का अवैध कारोबार किया गया। जिसके आधार पर उक्त मेडिकल स्टोर्स का लाइसेंस निरस्त किया गया है। साथ ही इनके विरूद्ध न्यायालयीन कार्यवाही हेतु अनुमति बाबत उच्च अधिकारीयों को पत्र प्रेषित किया जाएगा। इसके साथ ही विभन्न मेडिकल प्रतिष्ठानों में निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के आधार पर प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया। जिसके जवाब का अवलोकन करने के पश्चात गुण दोष के आधार पर उक्त प्रतिष्ठानों का लाइसेंस 5 से 15 दिवस के लिए निलंबित किया गया है।

सहायक औषधि नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि मेसर्स समर मेडिकोज, ब्लॉक बम्हनीडीह 10 दिवस, दिशा मेडिकल स्टोर्स ब्लॉक बलौदा, 10 दिवस, मेसर्स विश्वास मेडिकल स्टोर्स ब्लॉक अकलतरा, 15 दिवस, चन्द्र प्रकाश मेडिकल स्टोर्स ब्लॉक बम्हनीडीह 5 दिवस, अरोरा मेडिकल स्टोर्स अकलतरा 07 दिवस, मयंक मेडिकल स्टोर्स ब्लॉक अकलतरा 3 दिवस, मेसर्स श्री धनवतरी जनेरिक मेडिकल स्टोर्स ब्लॉक बम्हनीडीह, 7 दिवस, स्वस्थ्य मेडिकल स्टोर्स, सक्ती, 7 दिवस, मनसा मेडिकल स्टोर्स, ब्लॉक पामगढ़ 3 दिवस, मेडिकल जोन ब्लॉक नवागढ़, 10 दिवस, आर्शीवाद मेडिकल स्टोर्स जैजेपुर 5 दिवस, विवेक मेडिकल स्टोर्स, ब्लॉक पामगढ़ 5 दिवस, मेडिकल स्टोर्स ब्लॉक नवागढ़ 3 दिवस, जमुना मेडिकोस, ब्लॉक अकलतरा 3 दिवस एवं जानकी मेडिकल स्टोर्स, ब्लॉक जैजेपुर, 5 दिवस के लिए लाइसेंस निलंबित किया गया है। इस संबंध में औषधि प्रशासन विभाग के ड्रंग कंट्रोलर प्रीतम ओग्रे का कहना है कि मेडिकल दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस बीच अनियमितता पाए जाने पर 16 मेडिकल दुकान संचालकों को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है।



प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष भाजपा ज्वाईन करते रवि पाण्डेय।

# कांग्रेस सदस्यता अभियान के टॉपर रहे इंजीनियर पाण्डेय हुए भाजपा के

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व संयुक्त महासचिव और कांग्रेस सदस्यता अभियान के प्रदेश टापर रहे रवि पाण्डेय अपने सैकड़ों सहयोगी एवं समर्थकों के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण किए। प्रदेशाध्यक्ष सिंह ने पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया।

गौरतलब है कि इंजी. रवि पाण्डेय जिले के कद्दावर नेता है। विगत दो विधानसभा चुनाव मे प्रबल दावेदार रहे है। भाजपा की सदस्यता लेने वालों मे पूर्व संयुक्त महासचिव प्रदेश कांग्रेस इंजी. रवि पाण्डेय, दल्ला सोनी कश्यप, प्रभाकर तिवारी, राकेश कहरा, महेश राठौर, अजय निर्मलकर, राकेश सिंह, नवल ताम्रकार, सीमा श्रीकांत, सुरेश रात्रे, जितेन्द्र श्यामू पाण्डेय, सौरभ पाण्डेय, आकाश श्रीवास, दीपक गोयल, जोगेश चौहान, रामायण धीवर, महारथी चौहान, गोपीचंद कुर्रे, अन्नू राठौर, रोहित यादव, बबलू यादव, भूषण यादव, दिलीप यादव उपसरपंच ग्राम पंचायत भादा, अलखराम राठौर, भोलू साहू, चन्द्रकांत साहू, अमित सिंह गौरव, अनीश शर्मा, रिंकू रामविलास तिवारी, संतोष साहू, सूरजमनदास महंत, किशन कश्यप, तुषार सोनझरी, शिव कश्यप, रामानुज कश्यप, लक्ष्मीकुमार पटेल, राजेन्द्र विजय, जानकी वल्लभ धीवर, सुमन कश्यप, प्रीतम कौशिक पचेड़ा, अर्जुन कश्यप ने भाजपा प्रवेश किया।

### पारा पहुंचा 40 डिग्री तक, लोग हो रहे हलाकान

**जांजगीर-चांपा।** अप्रैल महीने के शुरूआत में ही भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं। दो दिन से लगातार अधिकतम तापमान बढ़ रहा है। गुरूवार को पारा 40 डिग्री पहुंच गया। हालांकि रात में मौसम थोड़ा नरम होने से लोगों को राहत मिली।

गुरूवार 4 अप्रैल को अधिकतम पारा 40.2 डिग्री रहा था। जिसके चलते जूस और कोल्डड्रिंक की दुकानों पर भीड़ लग रही है। वहीं न्यूनतम तापमान 22 डिग्री रहा। 24 घंटे में इसमें एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मौसम से जुडे जानकारों का मानना है कि इस साल अप्रैल, मई एवं जून महीने में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जताई जा रही है। इधर अप्रैल महीने में ही बढती गर्मी के चलते लोगों की दिक्कतें बढ़ गई है। सड़कों पर चलते समय लोग गमछे का स्कार्फ का उपयोग कर रहे है।

# बाइक को टक्कर मारने के बाद युवक को कुचला, दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के एनएच 49 में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार एक व्यक्ति को अपनी चपेट में लेते हुए कुचल दिया। सिर पर चोट लगने से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई है। एक दोस्त के साथ दाह संस्कार से शामिल होकर अपने घर लौट रहा था। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक वाहन को लेकर मौके से भाग गया। हादसा सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पीथमपुर का है।

#### खास बात

- चांपा थाना अंतर्गत ग्राम पीथमपुर में हुआ हादसा



सड़क पर पड़ा युवक का शव।

जानकारी के मुताबिक, बुधवार की सुबह सियाराम यादव अपने घर से सामाजिक बैठक में जाने की बात कहते हुए घर से निकाला था। उसके बाद दाह संस्कार में भी शामिल होने गया हुआ था, जहां से वह अपने घर वापस आ रहा था। सिर पर गंभीर चोट से बाइक सवार की हुई मौत हो गई। शाम करीबन 7.30 बजे के एनएच 49 पीथमपुर के पास पहुंचा था कि उसी समय पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने बाइक को जोरदार टक्कर मारी और बाइक सवार को कुचल दिया। सिर पर गंभीर चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंच चक्का जाम करने लगे। हादसे की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश देने के बाद चक्का जाम को खत्म किया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के मॉर्च्युरी में रखा गया था। रात होने के कारण पोस्टमार्टम नही हो पाया था। गुरुवार को शव का पंचनामा कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

कोतवाली थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी ने बताया कि सड़क दुर्घटना में मिलने वाली सहायता राशि 25 हजार रुपए एक दो दिन के अंदर परिजनों को दिला दी जाएगी। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# आपसी रंजिश पर एक राय होकर प्राणघातक हमला, दो आरोपी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



आपसी रंजिश पर एक राय होकर प्राणघातक हमला करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना शिवरीनारायण शहर के वार्ड क्रमांक 15 का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नंदकुमार साहू उम्र 33 वर्ष निवासी शिवरीनारायण वार्ड नं. 12 बगीचा पारा द्वारा 28 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28 फरवरी को सुबह यादव धर्मशाला काम करने अपनी मोटर सायकल से गया था। प्रार्थी अपनी मोटर सायकल को गली किनारे में खड़ी किया था। आरोपी घसियाराम साहू अपने ट्रैक्टर से नंदकुमार के मोटर सायकल को ठोकर मारकर गिरा दिया था। जिससे उसका मोटर सायकल का क्लच टूट गया था। कुछ देर पश्चात अपने भाई घासीराम साहू को साथ में लेकर आया और वही पर पड़े लकड़ी प्रार्थी पर हमला कर दिया। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना शिवरीनारायण में धारा 294, 506, 323, 34 भादवि. कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। आहत नंदकुमार साहू का प्राथमिक उपचार शासकीय अस्पताल शिवरीनारायण में कराया गया, जिसका स्वाथ्य ठीक नही होने से बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर अस्पताल में कराया गया । आहत का चोट को गभीर प्रवृत्ति का होने से प्रकरण सदर में धारा 307 भादवि. जोडी गई है। दौरान विवेचना प्रकरण के आरोपी घसीया राम साहू उर्फ़ ऋषभ साहू एवं घासीराम ऊर्फ सोनू साहू को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पुछताछ किया गया जो जुर्म करना स्वीकार किए जाने से आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### जिला सहकारी बैंक में आसां नहीं खुद के खाते से राशि आहरण करना

# खत्म नहीं हो पा रहा 25 हजार रुपए की लिमिट का चक्कर, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



राशि निकालने मशक्कत करते किसान।

जिला सहकारी समिति केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा चांपा में भारी अव्यवस्था के चलते बीच चिलचिलाती धूप एवं भयंकर गर्मी के बीच धान का पैसा निकलवाने आने वाले किसानों को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा चांपा में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक दूर दराज से आए किसानों को दिन भर भूखे प्यासे हो कर घंटो भारी परेशानियों सामना करना पड़ता हैं।

बैंक में पैसा निकलवाने आने वाले किसानों को अपने बारी का इंतजार करने बैंक परिसर के हाल में पंखा की व्यवस्था नहीं है।जिससे लोगो को भीषण गर्मी और उमस के बीच बयाकुल एवं परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं । इसके अलावा ना ही बैंक में ग्राहकों के लिए पेयजल की व्यवस्था है। ग्राहकों को खड़े होने एवं बैठने के लिए जगह का भी भारी अभाव है। जिससे बैंक में पैसा निकलवाने आने वाले खाताधारक निशक्त, असहाय और वृद्धजन किसानों को परेशानी हो रही है। वहीं किसानों को उनके आवश्यकता के अनुरूप बैंक में पैसा नहीं मिल रहा हैं। एक दिन में एक खाताधारक को केवल 25 हजार रुपए ही मिल रहा हैं। इतना काम पैसा से किसानों का कोई भी आवश्यक कार्य नहीं हो पा रहा हैं। शादी विवाह का सीजन हैं, लेकिन बैंक में पर्याप्त राशि नहीं मिलने से किसानों को मंडियों में धान बेचकर पछताना रहा हैं और बैंक में पैसा निकलवाने बार बार भटकना पड़ रहा हैं। जिला सहकारी समिति केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा चांपा में किसानों को धान का पैसा निकलवाने पूरा एक दिन बैंक में ही भूखा प्यासा होकर दिनभर बड़ी चुनौतियो और परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। जिला सहकारी समिति केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा चांपा के खाताधारक किसान बैंक की अव्यवस्था से काफी दुःखी एवं परेशान हैं। वहीं बैंक के सामने गाड़ी पार्किंग के लिए भी जगह का भारी अभाव है। जिससे ग्राहकों को गाड़ी पार्किंग के लिए भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं।

# खेत से वापस आ रहे किसान को बाइक ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद



खेत से वापस आ रहे किसान को बाइक चालक ने टक्कर मार दी। जिससे उसके पैर में गहर चोट लगी। आनन फानन में उसे लोगो ने चांपा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धमनी निवासी धनसाय कोयल पिसौद से अपने खेत को देखकर वापस अपने घर आ रहा था तो पीछे से लाल माटी निवासी राहुल खुंटे ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे साइकिल सवार धनसाय कोयल के पैर पर गहरी चोट लगी। जिससे उसका पर टूट गया। इधर मूलचंद मधुकर एवं टैक्सन कोयल ने तुरंत धनसाय के परिजनों को खबर दी। और तत्काल चांपा नायक नर्सिंग में भर्ती कराया गया। धनसाय की पत्नी पार्वती कोयल ने थाने में 2 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी श्री कुजूर ने मामले को संज्ञान में लेते हुए मामले की जांच के लिए ए एसआई जे के वर्मा को सौपा। जे के वर्मा ने इंडियन पेनल कोड आईपीसी सेक्शन 279, 337 के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### महाकाल भक्त मंडल का होली मिलन समारोह

**कोरबा।** डॉ. प्रवीण मिश्रा की समिति महाकाल भक्त मंडल कोरबा के तत्वाधान में 31 मार्च को हरिमंगलम में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें व्यवसायी, धार्मिक, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक मोदी सम्मिलित हुए। श्री मोदी ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त सदस्यों को होली मिलन की शुभकामनाएं देते हुए महाकाल भक्त मंडल की प्रशंसा करते हुए बताया कि मंडल के द्वारा प्रदीप मिश्रा के कोरबा में 7 दिवसीय कथा के आयोजन का प्रयास किया जा रहा है एवं निश्चित ही इनके प्रयास से नगर वासियों को महाराज के श्रीमुख से कही जाने वाली कथा को सुनने का शीघ्र ही सौभाग्य प्राप्त होगा। इस अवसर पर दुर्गेश राठौर, शैलेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र तारक, भगवती प्रसाद गोयनका एवं राखी तारक सहित बड़ी संख्या में मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

### अधिग्रहण के बाद भी प्रभावितों को नहीं मिला मुआवजा



**बरपाली।** पिछले कई सालों से चाम्पा से कोरबा के मध्य एक सड़क का निर्माण टुकड़ों में चल रहा है जिसका नाम राष्ट्रीय राजमार्ग 149 बी है जो काफी बार अपने अनियमित तरीके से सड़क निर्माण के लिए सुर्खियों में रहा है। इस सड़क निर्माण में देरी का मुख्य कारण प्रशासन द्वारा मुआवजा वितरण की सुस्ती है। आज तक अधिग्रहण से प्रभावित सभी लोगों को मुआवजा प्राप्त नहीं हो पाया है जिस जिस स्थान पर मुआवजा के वितरण का कार्य पूर्व में पूर्ण कर लिया गया है वहां सड़क बन कर पूर्णतः तैयार हो चुकी है परंतु जिन स्थानों में प्रशासन द्वारा अभी तक मुआवजा वितरण का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। वहां सड़क के नाम पर कुछ भी नहीं बचा है जिससे मार्ग में चलने वाले यात्रियों को धूल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार के द्वारा पानी का छिड़काव किया जा रहा है किंतु गर्मी के दिनों में सड़क पर छिड़के गए पानी को हवा होने में समय नहीं लगता। प्रशासनिक निष्क्रियता के कारण चाम्पा से कोरबा के बीच पड़ने वाले गांव के मुख्य चौक के पास की ही सड़क नहीं बन पाई है जिसके कारण आम जनता काफी परेशान है।

### गौशाला की मांग लेकर सहायक जेल अधीक्षक को सौंपा गया ज्ञापन




**कोरबा।** जिले के सभी विकासखण्डों, शहरों व गाँवों में जागरूकता लाने का प्रयास कर रही है। गौवंशों के संरक्षण को लेकर कार्य कर रही गौ सेवा गतिविधि समिति ने जेल में गौवंशों की व्यवस्था हेतु गौशाला निर्माण को लेकर समिति के द्वारा कटघोरा उप जेल की सहायक जेलर को ज्ञापन सौंपा एवं जेल के बाहरी परिसर में गौशाला निर्माण के संबंध में चर्चा की। गौ सेवा गतिविधि संघ के द्वारा इसके पूर्व भी पाली एवं कनकी क्षेत्र में गौ संरक्षण के संबंध में गौर सेवा के संरक्षण और गौशाला निर्माण को लेकर भ्रमण करते हुए स्थानीय ग्रामीणों से इस संबंध में चर्चा कर जिला प्रशासन को अवगत कराया था। समिति के द्वारा जिले में चलने वाली गौ शालाओं का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में 3 अप्रैल को गौर सेवा गतिविधि समिति द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जिला संयोजक लालिमा जायसवाल, सह संयोजक संध्या भारद्वाज, कटघोरा खण्ड संयोजक महेंद्र सिंह राजपूत, प्रशिक्षण प्रमुख विनोद देवांगन, स्नेह लता पटेल, शांत कुमार गभेल, सन्तोष पासवान, मनोज नापित सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## दीपका थाना क्षेत्र के सिरकी मोड़ पर हुआ हादसा

# अज्ञात ट्रेलर ने दंपती को मारी टक्कर पत्नी की मौत, पति गंभीर, चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





दुर्घटनाकारित वाहन एवं दुर्घटनाग्रस्त स्कूटी सवार महिला।

जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हर दूसरे तीसरे दिन सड़क हादसे में किसी न किसी की मौत हो रही है। एक अज्ञात ट्रेलर के वाहन ने बाइक सवार दंपति को अपनी चपेट में ले लिया जिससे पत्नी की मौत हो गई जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। वहीं हादसे को लेकर लोगों का आक्रोश फूट पड़ा था और लोगों ने चक्काजाम कर दिया था। बाद में पुलिस व प्रशासन की समझाइश पर चक्काजाम समाप्त हुआ। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रेलर चालक की खोजबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार एसईसीएल दीपका में कार्यरत एसईसीएल कर्मी वीर सिंह व उसकी पत्नी अकेली बाई अपने गृहग्राम सिरकी बाइक में सवार होकर जा रहे थे कि देर रात को किसी अज्ञात ट्रेलर के चालक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वीर सिंह की पत्नी अकेली बाई की मौके पर ही मौत हो गई जबकि वीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही दीपका थाना प्रभारी युवराज तिवारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल वीर सिंह को उपचार के लिए एसईसीएल के विभागीय अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया है। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर चक्काजाम कर दिया। जिससे दीपका-पाली मुख्य मार्ग बाधित रहा।

बाद में प्रशासन व पुलिस के अफसरों ने ग्रामीणों की मांग पर सहमति दी तब जाकर चक्काजाम समाप्त हुआ। दीपका थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि पुलिस मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रेलर चालक की खोजबीन शुरू कर दी गई है।

### ट्रेलर ने स्कूटी को मारी ठोकर, एक की मौत, एक घायल

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत आईटीआई रामपुर निवासी शहीदन बेगम उम्र 45 वर्ष पति शाबिर खान व उसकी परिचित सुनीता स्कूटी वाहन में सवार होकर चांपा से कोरबा लौट रहे थे कि उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम बरपाली के समीप पहुंचे थे कि पीछे से आ रही ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएम 3815 के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया जिससे शहीदन बेगम की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सुनीता गंभीर रुप से घायल हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही उरगा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा दल बल सहित मौके पर पहुंचे और घायल सुनीता को स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जबकि मृत शहीदन बेगम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और दुर्घटनाकारित ट्रेलर वाहन को पुलिस ने जप्त कर लिया है।

# एसी का गैस सिलेंडर फटा एक की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मृतक

एक युवक एसी (एयर कंडिशनर) का गैस सिलेंडर लेकर जा रहा था कि ओवरब्रिज के पास पहुंचा था कि इसी दौरान अचानक एसी के गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया जिससे उसकी चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। विस्फोट के बाद मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। जहां मौके पर मौजूद लोगों की मदद से युवक को शहर के एक निजी अस्पताल में पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे युवक का उपचार अस्पताल में जारी है।

कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत वैशाली नगर निवासी रोहित पटेल 38 वर्ष पिता देवनाथ पटेल व कौशिक सेट्टी एसी बनाने का काम करते हैं। बताया जाता है कि रोहित पटेल दोपहर को कौशिक सेट्टी के साथ एसी का गैस सिलेंडर लेकर टीपी नगर से कोरबा की ओर जा रहे थे कि वह ओवरब्रिज के पास अचानक एसी के गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया और विस्फोट होते ही लोहे के टुकड़े सीधे रोहित पटेल व कौशिक सेट्टी के शरीर में जा घुसे। विस्फोट होते ही वहां पर अफरा तफरी की स्थिति हो गई। पहले तो किसी को कुछ समझ में नहीं आया इसके उपरांत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई और आम राहगीरों की मदद से तत्काल रोहित पटेल को उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### तलवार लहराता युवक गिरफ्तार

**कोरबा।** करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवाडीह निवासी बुधराम जाहिरे अपने गांव के गली में लोहे का कत्तानुमा तलवार को लहराकर लोगों को डरा रहा था। मुखबीर की सूचना पर थाना प्रभारी आशीष कुमार सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंची और तलवार लहरा रहे बुधराम जाहिरे को रंगेहाथ पकड़ लिया।


जाँजगीर मार्केट

**आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर**
प्रो. आदित्य सिंघानिया मो.6260115021
छड़, सीमेंट, टीन, लोहा पाईप एवं बिल्डिंग मटेरियल
विशेष-इंटीरियर एवं डेकोरेड
डीलर-अग्नि शमन यंत्र (फायर सेफ्टी)
प्लाई, सनमाईका, सेन्टिग प्लाई
विशेष-घर बनाना हुआ आसान, रिंग सरिया छड़ द्वारा निर्मित जाली कालम बीम आर्डर पर सभी साईज में बनाया जाता हैं।
संबंधित प्रतिष्ठान
**सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग**
सभी प्रकार की लकड़ियां कम दर में प्राप्त करें
प्रो. शंकर सिंघानिया मो. 9302362173


# मटका सट्टा का अवैध कारोबार, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

जिला पुलिस की टीम ने दो अलग अलग स्थानों में दबिश देकर मटका सट्टा का अवैध कारोबार करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया जो शहर में इस अवैध कारोबार को संचालित कर रहे थे। पुलिस के आला अधिकारियों को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मानिकपुर बाईपास रोड स्थित शराब दुकान के पास सट्टा खिलाया जा रहा था। सूचना पर पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी जहां पड़ोसी जिला मुंगेली ग्राम चंदखुरी निवासी विक्रमजीत उम्र 32 वर्ष पिता स्वर्गीय वेदराम टंडन के कब्जे से एक मोबाइल फोन को चेक करने पर साई ऑनलाइन मटका ऐप में ऑनलाइन सट्टा आईडी बनाकर रूपए पैसे का दाव लगाकर सट्टा खेलते हुए मिला। इस संबंध में पूछताछ किया गया उसने सट्टा खेलना स्वीकार किया। इसी तरह सर्वमंगला बरमपुर निवासी गौतम कुमार यादव उम्र 39 वर्ष पिता बंसीलाल यादव के कब्जे से एक मोबाइल फोन जप्त किया गया जिसे चेक करने पर गोल्ड 24 प्रो नामक ऑनलाइन सट्टा आईडी बनाकर रूपए पैसे का दाव लगाकर सट्टा खेलते हुए मिला। इस संबंध में पूछताछ किया गया उसने सट्टा खेलना स्वीकार किया। दोनों आरोपियों के कब्जे से 2 नग मोबाइल को जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध, कुल रकम 24 हजार 246 रुपए का ऑनलाइन जुआ सट्टा में लगाया गया है। आरोपियों के विरुद्ध जुआ सट्टा एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई है।

### जेल से जमानत पर रिहा युवक के कब्जे से देसी पिस्टल बरामद

**कोरबा।** हत्या के मामले में सेंट्रल जेल से जमानत पर रिहा हुआ एक बदमाश अपने साथी के साथ शराब दुकान में देशी कट्टा लहरा रहा था जब पुलिस को इसकी भनक लगी तो पुलिस की टीम ने आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल व 4 नग जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली कि देशी शराब दुकान रामपुर के पास दो व्यक्ति नशे कि हालत में है और उनके द्वारा पिस्टलनुमा हथियार रखा गया है। सूचना पाते ही पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने सायबर सेल तथा थाना सिविल लाईन रामपुर की संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी जहां सिंचाई कालोनी निवासी मनोज यादव उर्फ भतखऊआ उम्र 28 वर्ष पिता स्व. श्यामरथ यादव, भदरापारा थाना बालको नगर निवासी दिनेश सोनी उम्र 37 वर्ष पिता स्व. नेतालाल सोनी के कब्जे से 1 नग लोहे का पिस्टलनुमा 7.65 एमएम का देशी हथियार तथा 4 नग जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है। पकड़े गए आरोपी पूर्व में गंभीर अपराधों के आरोपी हैं जिसमें आरोपी मनोज यादव उर्फ भतखऊआ चौकी मानिकपुर के हत्या के मामले में आजीवन कारावास का सजायाफ्ता है जो कि बिलासपुर सेंट्रल जेल से जमानत पर है।

### नदी में डूबने से युवक की मौत

**कोरबा।** कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत निवासी बबलू उम्र लगभग 30 वर्ष की लाश हसदेव नदी पुल के पास बुधवार की सुबह तैरती हुई पाई गई। चौकी प्रभारी ने बताया कि नदी के पास ही झोपड़ी बनाकर बबलू 7 वर्ष से रह रहा था। वह मूलतः बैकुण्ठपुर का निवासी था जो विगत 7 वर्ष पहले यहां पहुंचा था। उसके साथ रहने वाली महिला से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात बबलू दिशा मैदान के लिए गया था और उसके बाद वह नहीं लौटा। खोजबीन करने पर उसका शव नदी में तैरता हुआ पाया गया। स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी गई। इसके बाद लोगों के सहयोग से मृतक का शव निकाला गया।

### ट्रेलर ने आधा दर्जन विद्युत पोल को किया धराशायी, बहाल की गई विद्युत व्यवस्था

**कोरबा।** एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए 11 केवी की लगभग आधा दर्जन विद्युत पोल को धराशायी कर दिया है जिसकी वजह से आसपास के लगभग एक दर्जन गांव में अंधेरा छाया हुआ है। विद्युत विभाग द्वारा धराशायी हुए विद्युत पोल को दुरुस्त कर लिया गया है। पोंड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत आने वाले कोरबी (पोड़ीखुर्द) सबस्टेशन से चोटिया की ओर की गई सीएसईबी की विद्युतीकरण 11 केवी का चालू बिजली लाइन को 2 अप्रैल के बीते रात्रि साढ़े 11 बजे के लगभग एक ट्रेलर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए चालू लाईन के खम्भे को जोरदार ठोकर मारने से लगभग आधा दर्जन से अधिक पोल धराशायी हो गए थे जिसकी वजह से क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांव में विद्युत व्यवस्था ठप हो गई थी। विद्युत विभाग के जेई योगेश श्रीवास अपनी टीम के साथ पहुंचे और धराशायी हुए विद्युत पोल को पुनः खड़ा करने की दिशा पर पहल की गई जहां घंटों मशक्कत के बाद पोल को खड़ा कर लिया गया है और शाम तक क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को बहाल कर लिया गया है।

# निजी स्कूलों की फीस बढ़ोतरी पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



डीईओ को ज्ञापन सौंपते हुए।

जिले में संचालित निजी विद्यालय द्वारा नये शिक्षा सत्र में मनमानी तरीके से 20 से 25 फीसदी तक स्कूल फीस में बढ़ोतरी कर दिया गया है जिसका कोरबा पैरेंट्स एसोसिएशन की ओर से विरोध करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है।

कोरबा पैरेंट्स एसोसिएशन ने छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय फीस विनियम अधिनियम 2020 का हवाला देते हुए कहा है कि बगैर कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के अनुमति के किसी भी स्कूल में 8 प्रतिशत से ज्यादा फीस के बढ़ोतरी नहीं किया जा सकता है लेकिन कोरबा के निजी स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से पालकों से लूट करते हुए फीस में बढ़ोतरी किया गया है। अधिनियम के अनुसार कोई भी स्कूल 8 प्रतिशत से ज्यादा फीस में बढ़ोतरी नहीं कर सकता है लेकिन शहर के कुछ बड़े निजी स्कूल मनमानी करते हुए 20 से 25 परसेंट तक स्कूल फीस में बढ़ोतरी किए हैं। कोरबा पैरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नूतनसिंह ठाकुर व एडवोकेट मंजीत अस्थाना ने जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर अभिभावकों से फीस के नाम पर लूट को रोकने की मांग किया है। जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में नियम विरुद्ध तरीके से 8 प्रतिशत से ज्यादा फीस बढ़ाने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की मांग किया है।


TOP IN JANJGIR

**जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेजर से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं
- सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, एम्बुलेंस सुविधाए
- दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

**जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगु,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
सुविधाएं
- सोनोग्राफी
- एक्स-रे
- वेंटीलेटर
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

**जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
दंत रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
सुविधाएं
- एक्स-रे, पैथोलैब,
- फार्मेसी
- आधुनिक सुविधाए
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

**जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
सर्जिकल आई.सी.यू. फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

**जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुंह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
- पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं
मॉड्युलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

**कोसा साड़ी शो-रूम**
SILK MARK  Handloom Mark
**महेशराम देवांगन एंड ब्रदर्स**
- हैण्डलूम कोसा (टसर) सिल्क साड़ी (हैण्डवोभन, हैण्डब्लॉक प्रिंट्स, एम्ब्रायडरी)
- मलवरी सिल्क साड़ी • फैंसी सिल्क साड़ियाँ • सलवार सुट
- दुपट्टा • शॉल • ड्रेस मटेरियल • फर्निशिंग कपड़े इत्यादि
पोस्ट ऑफिस के सामने, गौशाला रोड, चाम्पा 495 671 (छ.ग.)
Ph. : 07819-245152, 245661, Mob. : 9425505875, E-mail : maheshramdewangan1@gmail.com


# रॉयल्टी की चोरी करने वाले एक दर्जन वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जप्त किए गए वाहन।

रेत व गिट्टी का अवैध रूप से परिवहन करने वाले तस्करों के खिलाफ खनिज विभाग की टीम एक्शन में आ गई है और लगातार इनके खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। पिछले दो दिनों के दौरान खनिज विभाग की टीम ने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में रॉयल्टी की चोरी करने वाले एक दर्जन गाड़ियों के खिलाफ कार्यवाही की है। इस कार्यवाही के बाद से इस अवैध कारोबार में लिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

कलेक्टर अजीत बसंत के निर्देश पर उपसंचालक खनिज विभाग प्रमोद कुमार नायक द्वारा खनिज का अवैध उत्खनन और परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने का फरमान जारी किया गया है और इस कड़ी में उप खनिज अधिकारी उत्तम खूंटे व उनकी टीम द्वारा शहर के अलग-अलग ग्रामीण क्षेत्रों में ताबड़तोड़ छापामारी की कार्यवाही की जा रही है। जहां रॉयल्टी की चोरी करने वाले लोगों की धरपकड़ शुरू कर दी गई है। बताया जाता है कि गौण खनिज रेत की रायल्टी की चोरी की रोकथाम के लिए खनिज अमला द्वारा भ्रमण के दौरान उरगा, कनकी, कुरुडीह, बरमपुर, इमलीडुग्गु, भिलाईखुर्द, बाल्को आदि स्थानों में दबिश देकर कुल 11 प्रकरण अवैध परिवहन दर्ज किया जा चुका है। जिसमें से गौण खनिज रेत के 6 प्रकरण दर्ज कर 1 लाख 32 हजार 693 रुपए एवं गौण खनिज पत्थर गिट्टी के 5 प्रकरण में 2 लाख 1 हजार 414 रुपए जुर्माना वसूल किया गया है। उक्त प्रकरणों में वाहनों को जप्त कर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 संशोधित छग गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 (5) व छग (खनन, परिवहन तथा भण्डारण) नियम 2009 के तहत कार्यवाही की गई है।


**// ईश्तहार प्रकाशन हेतु //**

व्यवहार वाद क्रं. 31 ए / 16
पेशी दिनांक 22/04/2024
प्रो.क्रमांक- 320 / 2024
02/04/2024

संतोष वगैरह
विरूद्ध
धरमलाल वगैरह

वादी संतोष पिता शोभाराम उम्र 40 वर्ष निवासी मेउ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. में वाद प्रस्तुत किया गया है, जिसमें प्रतिवादी क्रमांक 1. अनिल कुमार साहू पिता स्व. धरमलाल साहू जाति तेली निवासी ग्राम मेउ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग.की उपस्थिति हेतु दिनांक 22/04/2024 को ठीक 11:00 बजे जवाब देने के लिए उपसंजात उपस्थिति के लिए नोटिस / ईश्तहार / समंस जारी किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिया गया हो और इस वाद के सभी सारवान प्रश्न का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आप लोगों के उपसंजात के लिए जो दिन नियत किया गया है उस दिन अपना जवाब उपस्थिति या अन्य कोई दस्तावेज जो संबंधित हो पेश करने के लिए प्रतिरक्षा के लिए तैयार रहना चाहता है।

अत: आपको सूचित किया जाता है कि उपर बनायी गयी तारीख दिनांक 22/04/2024 को इस न्यायाल में उपसंजात नही होने पर वाद का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक 02/04/2024 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर में जारी किया जावें।

टीप- अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता या मैं अवकाश में रहता हू या किसी अन्य वजह से कार्य स्थगित हो जाता है तो बात की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में कि जावेगी और उक्त तिथि को अनुपस्थित रहते है तो आपके अनुपस्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही कि जावेगी।

दिनांक : 02/04/2024
स्थान : पामगढ़

(अंशुल मिंज)
व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-02 पामगढ़
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

4- APR-Jash-RAGH-CORIY-JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/4/2024 7:24 PM Page 1





# सलमान ने नहीं छोड़ी द बुल, फिर शुरू होगी शूटिंग

**मुंबई।** सलमान खान को लेकर कहा जा रहा है कि उन्होंने करण जौहर के साथ बनने वाली फिल्म द बुल से अपने कदम वापस खींच लिए हैं। गौरतलब है कि 1998 में रिलीज हुई करण जौहर की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म कुछ कुछ होता है में सलमान खान का एक्सटेंडेड कैमियो था। अब इस फिल्म के 25 साल बाद करण जौहर ने अपने प्रोडक्शन की फिल्म द बुल में सलमान खान की कास्टिंग की है। पिछले कई दिनों से फिल्मी गलियारों में चर्चा थी की डेट्स फाइनल न होने पर सलमान खान ने फिल्म छोड़ दी है, हालांकि अब प्रोडक्शन के सूत्रों की मानें तो ये खबर सरासर अफवाह है।

लाइफ Style

# उर्वशी

## ट्रोल होने पर दी सफाई



मेट्रोमोनियल ब्रांड के ऐड को लेकर कंट्रोवर्सी में आईं एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने सफाई पेश की है और कहा कि उन्होंने ऐड में जो कुछ भी बोला गया, वह स्क्रिप्ट का हिस्सा था। एक्ट्रेस हाल ही में एक मेट्रोमोनियल ब्रांड के ऐड में नजर आईं। वीडियो में, उर्वशी एक्टर्स, बिजनेसमैन, सिंगर्स और क्रिकेटर्स के बारे में बात करती हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

उर्वशी कहती हैं, मैं तमाम लोगों से मिली, जिनमें बिजनेसमैन, एक्टर और कुछ क्रिकेटर्स भी हैं। कई तो ऐसे हैं जो मेरी हाइट के नहीं हैं। इस ऐड को फैंस ने क्रिकेटर ऋषभ पंत से जोड़ दिया और एक्ट्रेस को ट्रोल करना शुरू कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उर्वशी ने वीडियो में बिना नाम लिए भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत का मजाक उड़ाया है। अब एक्ट्रेस ने सभी ट्रोलर्स का मुंह बंद करने के लिए सफाई पेश की। उर्वशी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, यह ब्रांड द्वारा दी गई कॉमन स्क्रिप्ट है, न कि किसी की ओर इशारा, पॉजिटिविटी फैलाओ। जिम्मेदार होने के नाते, मैं समझती हूं कि ब्रांड के एंबेसडर के रूप में लोगों पर इसका क्या प्रभाव पड़ सकता है। वर्कफ्रंट के मुताबिक, उर्वशी इन दिनों यो यो हनी सिंह के साथ 'लव डोज 2.0' के सक्सेस को एंजॉय कर रही हैं और प्रोजेक्ट 'जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' (जेएनयू) के लिए तैयारी कर रही हैं, जहां वह एक कॉलेज राजनेता की भूमिका निभा रही हैं।

एक्ट्रेस के पास अक्षय कुमार की 'वेलकम 3', बॉबी देओल, दुलकर सलमान, नंदामुरी बालकृष्ण के साथ 'एनबीके109', सनी देओल और संजय दत्त के साथ 'बाप' (हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर 'एक्सपेंडेबल्स का रीमेक) और रणदीप हुड्डा के साथ 'इंस्पेक्टर अविनाश 2' जैसे प्रोजेक्ट भी हैं।

हॉलीवुड मसाला

# अरबपतियों की लिस्ट में हुई शामिल



**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट ने 1.1 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ पहली बार फोर्ब्स वर्ल्ड की अरबपतियों की सूची में प्रवेश किया है। टेलर स्विफ्ट, केवल अपने गीतों और प्रदर्शन के आधार पर अरबपति का दर्जा हासिल करने वाली पहली संगीतकार हैं, जिनकी अनुमानित कुल संपत्ति $1.1 बिलियन है। टेलर की नेटवर्थ करीब 35 देशों की जीडीपी से भी ज्यादा है। अपने व्यापक गीत लेखन कैटलॉग के अलावा, टेलर स्विफ्ट ने इतिहास में पहला अरब डॉलर का दौरा भी आयोजित किया है।



# मेगन ने प्लास्टिक सर्जरी पर किया खुलासा

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार मेगन फॉक्स ने बताया कि उन्होंने कौन-कौन सी प्लास्टिक सर्जरी करवाई और कब। वह बोलीं, 'जब मैं 21 या 22 साल की थी तब मैंने अपने ब्रेस्ट की सर्जरी करवाई थी। मैंने बच्चों को ब्रेस्टफीडिंग करवाने के बाद इनकी दोबारा सर्जरी करवाई। इसके बाद अब हाल ही मैंने सर्जरी इसलिए करवाई क्योंकि मेरी बॉडी पर इतना फैट नहीं था कि इम्प्लांट को छुप सके। इसलिए मुझे बदलवाकर ऐसे इम्प्लांट लगवाने पड़े, जो सेट हो सकें।' उन्होंने बताया, मैंने कभी भी किसी भी तरह का फेस लिफ्ट नहीं करवाया। न कोई मिड लिफ्ट और ना ही लेटरल ब्रो लिफ्ट। हालांकि मैं एक रेगुलर आइब्रो लिफ्ट चाहूंगी या शायद नहीं भी। मैंने कभी थ्रेडिंग नहीं करवाई और मैंने उस पर काफी रिसर्च भी किया है। मुझे ऐसा लगता है कि इसका कोई फायदा नहीं है।



# सिटाडेल में अलग तरह का एक्शन : सामंथा

**मुंबई।** एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने आगामी सीरीज 'सिटाडेलः हनी बन्नी' और 'द फैमिली मैन' को लेकर कहा कि इनमें एक्शन बहुत अलग तरह का है। सामंथा ने 'द फैमिली मैन' में राजी के किरदार में जो एक्शन सीन किए, उसके लिए उन्हें काफी सराहना मिली है। अपने द्वारा किए गए स्टंट पर बात करते हुए एक्ट्रेस ने सीन की तैयारियों को लेकर खुलकर बात की। सामंथा ने कहा, मैंने 'द फैमिली मैन' में राजी के किरदार के लिए जो किया, वह एक्शन के मामले में बहुत अलग है। मैं 'सिटाडेल' में एक्शन को लेकर बहुत उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से यह कुछ ऐसा है जो मैं अपने किरदार राजी के लिए चाहती थी। सीरीज में कुछ मुख्य आकर्षण एक्शन बिट्स हैं और मैं वास्तव में उन्हें स्क्रीन पर देखने के लिए उत्सुक हूं।



# शाहिद ने किया देवा का नया पोस्टर शेयर

**मुंबई।** शाहिद कपूर फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बहुमुखी और प्रतिभाशाली एक्टर में से एक हैं। चाहे वह उनका लुक हो, उनकी एक्टिंग स्किल्स और धमाकेदार डांस स्टेप्स इसे दर्शकों के लिए और अधिक लुभावना बनाते हैं। अब अपनी आगामी फिल्म देवा के बारे में शाहिद कपूर ने पोस्ट शेयर किया, एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म देवा से तस्वीरें शेयर कीं। जिसे देख कर फैंस अपना उत्साह नहीं रोक सके और कमेंट बॉक्स में उमड़ पड़े। एक यूजर ने लिखा, 'डेंजरस लग रहे हैं देवा'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आग बोले तो देवा'। शाहिद हाल ही में 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में नजर आए थे। यह फिल्म एक अजब प्रेम कहानी को दर्शाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दायरे में उतरती है।

# प्रियंका की नई फिल्म टाइगर की रिलीज डेट आई सामने



मुंबई। ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा आए दिन खबरों में बनी रहती हैं। इस बीच अब प्रियंका ने अपने नए प्रोजेक्ट की रिलीज डेट की घोषणा की, जिसका नाम 'टाइगर' है। इस फिल्म में उन्होंने मुख्य किरदार अंबा नाम की बाघिन को अपनी आवाज दी है। इस बीच एक्ट्रेस ने फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठाया हैं। बता दें प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म टाइगर का पोस्टर शेयर करते हुए इसकी रिलीज डेट का ऐलान किया हैं, जो कि भारत के जंगलों पर आधारित हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, अंबा है एक कालातीत विरासत वाला बाघ। वह अपने शावकों की इतने प्यार से देखभाल करती है कि मां और बच्चे के बीच का खूबसूरत रिश्ता इतने शानदार ढंग से चमकता है। इस खूबसूरत परिवार पर 8 साल तक इस फिल्म की शूटिंग की गई। प्रियंका ने कहा, इस अविश्वसनीय कहानी को अपनी आवाज देने और इस फिल्म के माध्यम से जंगलों की खोज करने में मुझे बहुत मजा आया।



# साइलेंस 2 का ट्रेलर आउट

**मुंबई।** एक्टर मनोज बाजपेयी इस समय अपनी बैक टू बैक फिल्मों को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। एक्टर बहुत जल्द फिल्म 'भैया जी' और 'साइलेंस 2' में नजर आने वाले हैं। इस बीच अब मनोज बाजपेयी की फिल्म 'साइलेंस 2' का ट्रेलर मेकर्स द्वारा रिलीज कर दिया गया हैं। जिसमें एक्टर एसीपी अविनाश वर्मा की भूमिका फिर से निभाते हुए नजर आ रहे हैं। साइलेंस 2 के ट्रेलर की शुरुआत मनोज बाजपेयी की आवाज से होती है, जिसमें वह एक दोहा कह रहे हैं। इसके बाद फिर एक हत्या होती है और मामला जांच के लिए उनकी स्पेशल क्राइम यूनिट को सौंप दिया जाता है जांच के दौरान काफी शव मिलते हैं और हत्यारा फरार हो जाता है।

# हीरामंडी का गाना तिलस्मी बाहें रिलीज, सोनाक्षी ने दिखाईं अदाएं



मुंबई। संजय लीला भंसाली की आगामी सीरीज 'हीरामंडी' का एक और गाना बुधवार को रिलीज हो गया है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा दर्शकों पर जादू चलाती नजर आ रही हैं। सीरीज का पहला गाना 'सकल बन' काफी पसंद किया गया। आज दूसरा गाना 'तिलस्मी बाहें' भी सामने आ चुका है। 'तिलस्मी बाहें' गाने को संजय लीला भंसाली ने कंपोज किया है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा अपने अभी तक के सबसे अनोखे अवतार में नजर आईं हैं। 'तिलस्मी बाहें' में 'फरीदन' के रोल में सोनाक्षी सिन्हा ने मुजरे को फिर से जिंदा कर दिया है। इस गाने में शिमरी गोल्डन रंग की साड़ी पहने हुए सोनाक्षी सिन्हा एक महफिल में बैठकर गाना शुरू करतीं हैं, जिसमें कई लोग उनके आसपास नजर आ रहे हैं। जहां लोग उनकी खूबसूरती पर फिदा नजर आ रहें हैं, वहीं फरीदन (सोनाक्षी सिन्हा) कभी टेबल पर डांस करतीं हैं, तो कभी किसी की बाहों में अपने डांस मूव्स करके लोगों को मदहोश करती दिखाई दीं। इस गाने को शर्मिष्ठा चटर्जी ने अपनी आवाज दी है।

## 1960 में बंगाली फिल्मों से दिग्गज एक्ट्रेस ने किया था डेब्यू

# शर्मिला ने किया फिल्मों में अपनी पहली फीस का खुलासा

एजेंसी ⏭ मुंबई

शर्मिला टैगोर सिनेमा की दुनिया में वो नाम हैं, जिनकी खूबसूरती और अदाकारी के चर्चे तब भी थे और आज भी उनकी शालीनता मन मोह लेती है। सैफ अली खान मां शर्मिला टैगोर तब महज 14 साल की थीं, जब उन्होंने फिल्मों में डेब्यू किया था। दो बार नेशनल अवॉर्ड जीत चुकी एक्ट्रेस को पहला मौका दिग्गज फिल्ममेकर सत्यजीत रे ने अपनी बंगाली फिल्म 'देवी' में दिया था। भारत सरकार से 2013 में पद्म भूषण सम्मान पा चुकी शर्मिला ने अपने एक नए इंटरव्यू में फिल्मों की फीस को लेकर मजेदार खुलासे किए हैं। उन्होंने अपनी पहली फीस भी बताई है और ये भी कि उसे उन्होंने कहां खर्च किया था।



### पहली फिल्म के लिए मिले थे 5 हजार साड़ी और घड़ी

शर्मिला कहती हैं, 'मैंने काफी कम उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। हालांकि, तब फीस उतनी शानदार नहीं थी जितनी अभी है, लेकिन तब चीजों की कीमत भी इतनी अधिक नहीं थी। अपनी पहली फीस के बारे में बताते हुए शर्मिला ने कहा, मेरे पिता पैसों में कोई दिलचस्पी नहीं रखते थे, लेकिन सत्यजीत रे ने जोर दिया था। उन्होंने फिर भी तब मुझे एक साड़ी दी, एक घड़ी दी और 5 हजार रुपए दिए।

### पहली फीस से खरीदे थे गहने

अपनी पहली कमाई के खर्च का ब्योरा देते हुए शर्मिला टैगोर ने बताया, 'एक बंगाली परिवार से होने के नाते, पैसे मिलते ही हम सोने-चांदी की दुकान पर गए। हमने सोने की चूड़ियां खरीदीं, एक हार खरीदा और बालियां खरीदीं। हालांकि पैसे कम थे, लेकिन तब चीजें इतनी महंगी भी नहीं थीं। शर्मिला टैगोर ने आगे बताया कि उनकी शुरुआती बंगाली फिल्मों के दौरान उन्हें लगभग 10 हजार-15 हजार रुपए फीस के तौर पर मिलते थे। लेकिन उनकी पहली हिंदी फिल्म के लिए उन्हें 25 हजार रुपए फीस मिली थी। साल 1964 में उनकी पहली हिंदी फिल्म 'कश्मीर की कली' थी, जिसका निर्देशन शक्ति सामंत ने किया था।

### डायरेक्टर ने कहा- मैं आपको जमीन खरीदकर दे देता हूं

शर्मिला टैगोर याद करते हुए बताती हैं कि उन्हें शक्ति आनंद की दो फिल्मों के लिए 25-25 हजार रुपए मिलने थे, लेकिन डायरेक्टर ने उन्हें तब दूसरी फिल्म के लिए फीस के बदले एक जमीन खरीदकर देने की पेशकश की। दिग्गज एक्ट्रेस ने कहा, 'उन्होंने मुझसे कहा कि तुम्हें पैसे देने के बजाय क्यों ना मैं तुम्हें थोड़ी जमीन दे दूं, जो विले पार्ले है। मैंने कहा इस पर कहा कि क्या आप पागल हो? क्या मैं इस दलदल में आकर रहने वाली हूं? यह 1963 की बात है।

### 3 लाख में खरीदा पहला अपार्टमेंट

'वक्त' और 'अनुपमा' जैसी सुपरहिट फिल्में देने वाली शर्मिला बताती हैं कि उन दिनों उन्होंने मुंबई में अपार्टमेंट तक नहीं लिया था। वह कुछ साल तक ताज महल होटल में रहीं, क्योंकि वहां उन्हें साफ-सफाई यानी हाउसकीपिंग की चिंता नहीं थी। एक्ट्रेस ने बताया, 'कुछ वर्षों के बाद, जब मुंबई ही मेरा ठिकाना बन गया, तब अपना पहला अपार्टमेंट 3 लाख रुपए में खरीदा। तब इसके लिए पैसे जमा करने में खूब स्ट्रगल करना पड़ा था। रुपए की व्यवस्था करना बहुत कठिन काम था, क्योंकि उस समय हम बहुत ज्यादा टैक्स चुका रहे थे, इसलिए पैसे बचाने की कोई गुंजाइश नहीं थी।

**खबर संक्षेप**

## बहेराडीह में मानस गायन प्रतियोगिता आज



**बहेराडीह।** ग्राम बहेराडीह में आयोजित नवधा रामायण कार्यक्रम के अंतिम दिवस शुक्रवार 5 अप्रैल को रात्रि 9 बजे से मानस गायन प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में तीन अलग अलग विधाओं को शामिल किया गया है। जिसमें हिंदी मानस, छत्तीसगढ़ी गायन, और भजन गायन प्रमुख हैं। उक्त सभी अलग अलग प्रतियोगिता में पहला पुरुष्कार 2501 रुपये, एवं शील्ड प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार दूसरा पुरुष्कार 1501 रुपये, तीसरा पुरुष्कार 1001 रुपये, चौथा पुरुष्कार 701 रुपये, पांचवा पुरुष्कार 501 रुपये एवं शील्ड से नवाजा जाएगा।

## राम बाई कन्हैयालाल कॉलेज में शांतिपूर्वक चल रही परीक्षा



**हसौद।** ग्राम हसौद स्थित राम बाई कन्हैयालाल कॉलेज में शांतिपूर्वक परीक्षाएं चल रही हैं। 28 मार्च से बीएससी फाइनल इयर से शुरू होकर 3 अप्रैल को बीए फाइनल की परीक्षा हुई यह परीक्षाएं निरंतर 15 मई तक चलेगी। आखिरी पर्चा बीए फाइनल का होगा। आरबीकेएल के प्राचार्य श्रीमती डॉ. अलका साहू ने बताया की बच्चे बहुत शांतिपूर्वक ढंग से परीक्षाएं दे रही हैं और ऐसे ही शांतिपूर्वक परीक्षाएं होनी चाहिए।

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन 26 अप्रैल से

**जांजगीर चांपा।** समीपस्थ ग्राम हीरागढ़ टुरी में आगामी 26 अप्रैल से 30 अप्रैल तक होने वाले श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ का महाध्वज संकल्प यात्रा हुआ। साथ ही यज्ञ मंडप भूमि पूजन भी संपन्न हुआ। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राम हीरागढ़ टुरी में स्वामी राघवाचार्य के कृपा पात्र शिष्य अनंताचार्य ( अंकित शर्मा ) के आचार्यत्व में पंच कुंडात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 26 से 30 अप्रैल तक होगा । काशी के प्रकांड विद्वानों द्वारा विष्णुसहस्त्र नाम एवम श्रीलक्ष्मीसहस्त्र नाम की आहुति प्रतिदिन होगी। 26 अप्रैल को कलश यात्रा पंचांग पूजन एवं मंडप प्रवेश होगा ।

## दिव्यांग मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत धाराशिव में दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक करने और आमचुनाव में उनकी भागीदारी को सुगम और समावेशी बनाने के लिए कृष्णा यादव द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने मतदान करने का संकल्प लिया और जो दिव्यांग जन घर से मतदान करना चाहते हैं उनका चिन्हांकन किया गया और दिव्यांग जनों को सक्षम एप के बारे में भी जानकारी प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में जय भारत माता दिव्यांग संगठन के सक्रिय सदस्य शिवकुमार पटेल, सती यादव, सुखसागर यादव, परमेश्वर यादव ( अस्थि बाधित) के साथ ही जय मां मड़वा रानी महिला स्व सहायता समूह और जय मां मनका दाई स्व सहायता समूह की सक्रिय सदस्य खीखबाई यादव, सुनीता यादव, कमला कर्ष,उर्मिला यादव, कुंअरिया कर्ष, कुमारी कर्ष, नहरबाई यादव, राधिका यादव में उपस्थित रही।

### जागरुकता रैली निकालने के साथ मतदान करने दिलाई जा रही शपथ

# शत-प्रतिशत मतदान करने राशन लेने आने वाले उपभोक्ताओं को कर रहे प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



शत प्रतिशत मतदान को लेकर पीडीएस दुकान मड़वा में महिलाओं को किया गया जागरुक।

जिला प्रशासन द्वारा शत प्रतिशत मतदान को लेकर राशन दुकानों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

जिले में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत ''कोसा कांसा कंचन वोट करेगा जन-जन'' के तहत जिले में लगातार मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। गांव-गांव में मतदाताओं में उत्साह बढ़ाने के लिए सभी राशन की दुकान पर प्रचार प्रचार किया जा रहा है। इसके लिए जिला खाद्य विभाग को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। राशन लेने आने वाले उपभोक्ताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए उन्हें प्रेरित किया जा रहा है और मतदाता जागरूकता रैली निकालने के साथ शपथ भी दिलाई जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने कहा है कि हर व्यक्ति को आभास होना चाहिए कि लोकतंत्र की मजबूती एवं स्वस्थ जनतंत्र में उसका महत्व है। कर्तव्य है कि मतदान के अवसर पर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। जिले का कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित न रहने पाए। जिले में सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों मे राशन कार्डधारी परिवार के सदस्यों को प्रेरित करते हुए निर्वाचन से संबंधित जानकारी से अवगत कराया जा रहा है। इस दौरान राशन लेने आये नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ भी दिलाई जा रही है। जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत मेकरी, ससहा, राहौद, मेंहदी, चुरतेला, नगर पंचायत शिवरीनारायण, जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत के शासकीय उचित मूल्य दुकान अमोरा, मेहंदा, बरबसपुर, धुरकोट, नेंगुरडीह, पीथमपुर, कामता, पुटपुरा, सेंदरी, पेण्ड्री, सुकली, जनपद पंचायत अकलतरा के ग्राम पंचायत के ग्राम पंचायत अर्जुनी, बरगवां, जनपद पंचायत बलौदा के ग्राम पंचायत जाटा, करमंदा, परसदा, भिलाई, ढोरला, बालपुर, औराईकला, बुड़गहन, मड़वा, सोनबरसा, पहरिया, पुरेना सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के शासकीय उचित मूल्य दुकान में मतदान जागरूकता हेतु शपथ लिया गया। इसके साथ ही चांपा में भोजपुर, वार्ड क्रमांक 25, वार्ड क्रमांक 13 सहित विभिन्न शासकीय उचित मूल्य दुकानों जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

# निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने सभी अधिकारी कर्मचारी निष्ठा पूर्वक अपने दायित्वों का करें निर्वहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दल को दिए जा रहे प्रशिक्षण का किया निरीक्षण


निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

लोकसभा चुनाव निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारियों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दल को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी से निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कराने सभी अधिकारी कर्मचारियों को निष्ठा पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो ने जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सक्ती में पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारियों को दिए जा रहें प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता से समझते हुए किसी भी प्रकार की शंका होने पर प्रशिक्षण स्थल पर ही संबंधित मास्टर ट्रेनर से अपनी शंका का तुरंत निराकरण करने कहा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में सकुशल मतदान संपन्न कराने में मतदान अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन से जुड़ी हर प्रक्रिया और प्रपत्र के बारे में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारियों का दायित्व है कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से करें, जिससे निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित निर्वाचन प्रक्रिया संपादित की जा सके। निरिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण सोम, डभरा एसडीएम बालेश्वर राम, सक्ती एसडीएम के एस पैकरा, मालखरौदा एस डी एम रूपेंद्र पटेल सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी और प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## इनोवेटिव टीचर अवार्ड 2024 से सम्मानित हुए पाण्डेय एवं वर्षा



**अकलतरा।** श्री छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज के संयोजन में चिन्मय सागर चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव एवं राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन भाटापारा में किया गया। राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में राजेंद्र कुमार सिंह उ मा शाला अकलतरा के शिक्षक आर के पाण्डेय एवं श्रीमती वर्षा यादव को इनोवेटिव टीचर अवार्ड 2024 से कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। चयन समिति द्वारा यह सम्मान उन्हे शाला में उत्कृष्ट शिक्षकीय कार्य एवं रा से यो द्वारा सामाजिक क्षेत्र मे किये गए कार्यों से प्राप्त विभिन्न उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि पर अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सौरभ सिंह, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव ईश्वर खंडेलिया, सहसचिव पंकज दोशी, कोषाध्यक्ष स्वप्निल जैन, विकास केडिया, शाला के प्राचार्य आर के विश्वकर्मा ने प्रसन्नता जाहिर की है।

# चिकित्सा परामर्श शिविर का 75 लोगों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- लायंस भवन में एक दिवसीय नि :शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का हुआ आयोजन


शिविर के शुभारंभ पर मौजूद चिकित्सक व लायन सदस्य।

अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा एवं रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में गुरूवार 4 अप्रैल को लायंस भवन में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। पूर्वान्ह 11:30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक चले शिविर से कुल 75 लोग लाभांन्वित हुए जिन्हे आवश्यक जांच कर चिकित्सको द्वारा जरूरी परामर्श दिया गया।

शिविर का शुभारंभ लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन ने करते हुए कहा कि लायंस क्लब चांपा भविष्य में भी जरूरतमंदो की सेवा के लिए इस तरह के आयोजन करता रहेगा। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही.के. अग्रवाल ने कहा की रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के सहयोग से आयोजित निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर से नगर तथा क्षेत्र के लोग लाभांन्वित होंगे। पूर्वान्ह 11:30 बजे से प्रारंभ शिविर अपरान्ह 3 बजे तक चला जिससे नगर एवं क्षेत्र के 75 मरीज लाभांन्वित हुए। शिविर में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के डॉ. सोनल बघेल एवं डॉ. फैज खान के अलावा सहयोगी स्टॉफ अमित लहरे, ज्योति गजेन्द्र एवं साहिल सीबेकर ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर के अंत में लायंस क्लब परिवार की ओर से सभी चिकित्सकों एवं उनके सहयोगी स्टॉफ को स्मृति चिन्ह स्वरूप शाल तथा श्रीफल भेंट किया गया। इसके अतिरिक्त शिविर में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही.के.अग्रवाल, लायंस क्लब अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, लायन डॉ. व्ही.एन.बिरथरे, लायन डॉ. के.पी. राठौर, लायन डॉ. जी.पी.दुबे, लायन बजरंग अग्रवाल, लायन श्रीमती संगीता अग्रवाल, लायन राजेश अग्रवाल, लायन नंदकुमार देवांगन, लायन गिरधारी लाल अग्रवाल, लायन सुरेश अग्रवाल, लायन किशन शर्मा एवं लायन वासुदेव देवांगन मौजूद थे।

## आदमी को पाप करने और उसे देखने दोनों से बचना चाहिए : पं. तिवारी

**बहेराडीह।** पाप को करने वाला जितना अपराधी होता है उतना ही उसे देखने वाला भी होता है। ऊक्त बातें ब्यासपीठ से अशोक तिवारी ने कथा के दूसरे दिवस भीष्म पितामह के प्रसंग को सुनाते हुए कहा। बंगला चौक सिवनी में आयोजित भागवत कथा में उन्होंने बताया कि काल को जीतने वाला भीष्म ने भरी सभा मे द्रौपदी की साड़ी खींची जा रही थी और मूक दर्शक बने रहे इसी पाप के कारण उन्हें बाणों की शैय्या पर सोना पड़ा। इसलिए आदमी को पाप करने और उसे देखने दोनों से बचना चाहिए। आगे उन्होंने देवहूति और कपिल संवाद की कथा सुनाते हुए कहा कि व्यक्ति अपने मन को नियंत्रित रखे तो मुक्त रहेगा और सुखी होगा। दूसरे के आधीन रहना सबसे बड़ा दुख और अपने स्वाधीन रहना सबसे बड़ा सुख है। ध्रुव प्रसंग की भी बड़ी सुंदर व्यख्या किया गया। कथा के दूसरे दिवस बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



# ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


कार्यक्रम में अतिथि के साथ उपस्थित बच्चे।

ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी में 3 अप्रैल को प्री-प्रायमरी सेक्शन में यू.के.जी. के विद्यार्थियों का प्रमोशन करते हुए ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल्यचित्र के समक्ष पुष्प अर्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ गायत्री मंत्र गाकर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पारस पटेल टी.आई. साइबर क्राइम जांजगीर-चांपा रहे। इसी श्रेणी में कक्षा पहली के विद्यार्थियों द्वारा (भाव्या, हैविशा, अदिति, सान्वी) भाषण प्रस्तुत किया गया तथा एल.के.जी. और यू.के.जी के विद्यार्थियों द्वारा गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। साथ ही यू.के.जी. के विद्यार्थियों द्वारा रैम्प वॉक किया गया। तत्पश्चात यूकेजी के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए कक्षा पहली में अपग्रेड किया गया। कक्षा शिक्षिका श्रीमती सुदिप्ता चक्रवर्ती एवं सुश्री प्रिया राठौर द्वारा यू.के.जी. के विद्यार्थियों को कक्षा पहली की शिक्षिका श्रीमती शीतल राठौर को सौंपा गया, साथ ही उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सोनाली सिंह ने शिक्षा के महत्व को बताते हुए छात्रों को नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के बारे में अवगत कराया तथा आगे की पढ़ाई कैसे करनी है, इस विषय पर प्रकाश डाला। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आलोक अग्रवाल के द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया एवं ग्रेजुएशन हैट पहनाकर उन्हे सम्मानित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती नीलम सिंह ने किया। वहीं स्वागत भाषण शिक्षिका श्रीमती शीतल राठौर एवं धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका श्रीमती मिनीमोल थॉमस के द्वारा किया गया।

# 100 वीं जन्म शताब्दी पर याद किए गए स्व. बीडी महंत

- बी.डी.महंत शासकीय चिकित्सालय में हुआ आयोजन


दिवंगत नेता की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते राजेश महंत।

**चांपा।** क्षेत्र के मूर्धन्य जननेता, अविभाजित म.प्र. शासन के पूर्व मंत्री तथा अजातशत्रु के नाम से विख्यात स्व. बिसाहुदास महंत को उनके जन्म शताब्दी वर्ष पर कृतज्ञ नगरवासियों ने शिद्दत से याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सोमवार 1 अप्रैल को स्थानीय बिसाहुदास महंत शासकीय नागरिक चिकित्सालय में सुबह 10 बजे से एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें स्व. महंत के कनिष्ठ सुपुत्र राजेश महंत सपरिवार शामिल हुए।

शासकीय चिकित्सालय परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सर्वप्रथम दिवंगत नेता की प्रतिमा पर उनके कनिष्ठ सुपुत्र राजेश महंत, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती श्रद्धा महंत तथा पौत्र सृजन महंत ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इसके बाद उपस्थित जन समूह ने बारी - बारी से दिवंगत नेता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान स्थानीय नगरपालिका की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती शांति सोनी तथा उनके पति ललित सोनी ने देह दान की घोषणा की। उपस्थित जन समूह ने इसका करतल ध्वनि से स्वागत किया। सोनी परिवार को राजेश महंत द्वारा सम्मान पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम के अंत में मंहत परिवार की ओर से राजेश महंत, श्रीमती श्रद्धा महंत एवं सृजन महंत द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल तथा ब्रेड का वितरण कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। श्रद्धांजलि सभा का संचालन सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.के.अग्रवाल ने किया। इस मौके पर कृष्णा राव भूरे, अशोक दीक्षित, राजेश अग्रवाल, विष्णु विश्वकर्मा, नागेन्द्र गुप्ता, राजेन्द्र देवांगन, रामबाई स्वर्णकार, सुनील साधवानी, उमेश तिवारी, शिवदयाल कर्ष, अनिल वनकर, किशनलाल सोनी, अवधेश गुप्ता, संतोष सिंह जब्बल, मानिक मसीह, अमरजीत सिंह सलूजा, रंजन कैवत्र्य, तापस दत्ता, डॉ. के.पी. राठौर, डॉ. व्ही.एन.बिरथरे, डॉ. श्रीमती अनीता श्रीवास्तव, डॉ. मनीष श्रीवास्तव, श्रीमती संगीता अग्रवाल, राजू शर्मा, राजू देवांगन, कालीदास महंत के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर 150 वाहन चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



यातायात पुलिस द्वारा मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन चलाने एवं यातायात नियमों का उलंघन करने वाले 150 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

एसपी विवेक शुक्ला के निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध यातायात पुलिस द्वारा जिले में विशेष अभियान चलाकर मोटर वाहन अधिनियम के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 2 अप्रैल को यातायात नियमों का उलंघन करने वालों वाहन चालकों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया जिसमें मोटर सायकल में तीन सवारी, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, वाहन में रिफलेक्टर ग्लास नही होना, बिना हेलमेट के वाहन चलाना, बिना लायसेंस के वाहन चलाना एवं अन्य मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत जिले में कुल 150 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 48 हजार 500 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया।







